प्रेषक,

**अतिमहत्वपूर्ण एवं विशेषध्यानाकर्षण**

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

**सेवा में,**

प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय/अनुदानित/निजी क्षेत्र की संस्थाएँ।

पत्रांकः प्राशिप/अनु 03/2026/7049 लखनऊः दिनॉकः27/01/2026

विषयः **विषम सेमेस्टर/विशेष बैक पेपर परीक्षा, नवम्बर–दिसम्बर 2025 के पुनर्मूल्यॉकन हेतु ऑनलाईन आवेदन करने की तिथि बढ़ाये जाने के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

कृपया परिषद कार्यालय द्वारा पूर्व में निर्गत पत्र संख्या–प्राशिप/अनु03/2026/6757, दिनांक 17.01.2026 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें विषम सेमेस्टर/विशेष बैक पेपर, परीक्षा नवम्बर–दिसम्बर 2025 के परीक्षा परिणाम में अपने अंको से असंतुष्ट छात्र/छात्राओं के लिये पुनर्मूल्यांकन हेतु ऑनलाइन माध्यम से आवेदन करने तिथि 19/01/2026 से 22/01/2026 तक एवं PAYMENT RECEIPT के प्रिन्ट करने हेतु अंतिम तिथि 24/01/2026 दी गई थी।

उक्त के कम में अवगत कराना है कि कतिपय छात्रों द्वारा आवेदन के उपरान्त भुगतान नही किया गया। अतः छात्रहित के दृष्टिगत पुनर्मूल्यॉकन के रजिस्ट्रेशन की तिथि 28/01/2026 एवं 29/01/2026 तक एवं PAYMENT RECEIPT के प्रिन्ट करने हेतु अंतिम तिथि 31/01/2026 तक अन्तिम रूप से बढ़ाई जा रही है।

आप से अपेक्षा है कि अपने संस्थान में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को उक्त के संबंध में अपने स्तर से अवगत कराने का कष्ट करें साथ ही परिषद द्वारा पूर्व में निर्गत पत्र संख्या–प्राशिप/अनु03/2026/6757, दिनांक 17/01/2026 में दिये गये निर्देशानुसार वांछित छात्र/छात्राओं के पुनर्मूल्यांकन फार्म निर्धारित तिथि तक भरवाने का कष्ट करें।

भवदीय,

(डॉ. संतोष कुमार सिंह)
सचिव।

पृ0 सं0 : प्राशिप/अनु03/2026/7050-54 तद दिनांक 27/01/2026

**प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ/अध्यक्ष, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, लखनऊ को अपर मुख्य सचिव/अध्यक्ष महोदय के अवगतार्थ।
2. महानिदेशक, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
3. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, कानपुर।
4. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र/बुन्देलखण्ड क्षेत्र/मध्य क्षेत्र/पश्चिमी क्षेत्र, उत्तर प्रदेश।
5. प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, लखनऊ को, परिषद की वेबसाइट www.bteup.ac.in पर प्रदर्शित करने हेतु।

(डॉ. संतोष कुमार सिंह)
सचिव।